





## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मनाई जयंती

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 26 दिसम्बर, मऊगंज जिले के हनुमना नगर के भारतीय जनता पार्टी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई.**

उन्हें याद करते हुए राष्ट्र व समाज को उनकी उपलब्धियों के बारे में उल्लेख करते हुए उपाध्यक्ष मोहन लाल कचेर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का जन्म 25 दिसंबर 1924 में हुआ था अगस्त 2018 में एक भारतीय कवि लेखक और राजनेता के रूप में प्रतिस्थापित हो चुके थे जिन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार 1996 में 13 दिनों की अवधि के लिए फिर 1998 से 1999 तक 13 महीने की अवध के लिए उसके पश्चात 1999 से 2004 तक पूर्ण कार्यकाल को पूरा करते हुए अनेक कीर्तिमान स्थापित किए. भारत देश जब तक रहेगा उनके कार्यकाल को और उन्हें याद करता रहेगा.

पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की तपस्थली धर्मशाला प्रांगण में मनाई गई जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व नगर उपाध्यक्ष मोहनलाल कचेर, भाजपा नेता ज्योति गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष कृपा शंकर गौतम मंडल उपाध्यक्ष रितेश केसरी समाजसेवी लवकुश गुप्ता समाजसेवी सुभवंत किशोर गुप्ता, हनुमत सेवा समिति अध्यक्ष धर्मशाला राधेश्याम गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे.

# शोभायात्रा के साथ अखिल भारतीय रामचरित मानस सम्मेलन का शुभारंभ

### मानस कोकिला, तांत्रिक पीठाधीश्वर सहित विद्वानों ने बहाई कथा त्रिवेणी

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 26 दिसम्बर, स्थानीय स्वामी माधवाचार्य की तपस्थली रामलीला मैदान में ब्रह्मलीन पंडित सूर्य प्रताप मिश्र स्मृति अखिल भारतीय मानस सम्मेलन का शुभारंभ दिव्य शोभायात्रा के साथ किया गया.**




शोभा यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर आरती उतार कर स्वागत किया वहीं शोभायात्रा में भारी संख्या में आबाल वृद्ध नर नारियों ने सम्मिलित होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नगर आराध्य श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना के बाद पुनः शोभायात्रा केनवा तालाब होते हुए कथा परिसर में पहुंच मंच पर बैदिक मंत्रोच्चार के साथ अस्तित्व विद्वान ब्राह्मणों द्वारा कराए जाने के बाद समस्त विद्वानों व नगर वासियों का समिति के संयोजक ज्योति गुप्ता एवं प्रचार प्रमुख सम्पति दास गुप्त ने करते हुए कहा कि यह पूज्य स्वामी माधवाचार्य जी जैसे परमतपस्वी की वह सिद्ध भूमि है जहां 108 वर्षों तक स्वामी जी महाराज नेट तपस्या की थी यही कारण है कि यहां वर्ष भर रामचरितमानस श्रीमद् भागवत राम कथा रामलीला तथा कवि सम्मेलन आदि होते रहते हैं. राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक आयोजनों के लिए देश भर में प्रसिद्ध मंच पर आए हुए समस्त विद्वानों का समिति के साथ ही समस्त नगरव क्षेत्र वासियों की ओर से सदा सदा बंदन अभिनंदन के साथ ही हुआ क्षेत्रवासियों का भी स्वागत बंदन करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आप सब के सहयोग से चल रहा है. जिसका शुभारंभ 61 वर्षों पूर्व हुआ था जिसमें बैकुंठवासी पंडित सूर्य प्रताप मिश्र की अहम भूमिकारही उनके द्वारा गठित प्रकाश प्रबंध समिति के द्वारा लंबे अरसे तक मानव सम्मेलन चला रहा आज भी तमाम उपस्थित उसके सदस्य संरक्षक व मार्गदर्शन के रूप में हम सबको सदैव ऊर्जा देते रहते हैं. योग्यपिता की योग्य संतान के रूप में उनके बाद मानस सम्मेलन की परंपरा को उनके कीर्ति को समूचे राष्ट्र में बिखरने वाले काशी हिंदू विश्वविद्यालय में विधि संकाय के प्राध्यापक डॉक्टर नवल किशोर मिश्रा दे इसको अबाध गति से संचालित किए हुए हैं इसके लिए उन्हें साधुबाद है. इस अवसर पर डॉक्टर रामचंद्र मिश्रा ओम जी पंडित राजराखन प्रसाद मिश्रा पंडित रामाश्रय पांडे पंडित चंद्रशेखर प्रसाद शास्त्री राधेश्याम गुप्ता प्रेमचंद केसरवानी टिंकल केसरी उपस्थित रहे.

## पूर्व सांसद के नाम पर आज होगा चौराहे का लोकार्पण

**नवभारत न्यूज**
**चाकघाट, 26 दिसम्बर, नगर सीमा से लगे तीर्थराज प्रयाग के पूर्व महापौर एवं प्रयागराज संसदीय क्षेत्र से सांसद रहे श्यामा चरण गुप्त की स्मृति में उनके नाम पर श्याम ग्रुप कार्यालय के पास स्थित चौराहे का नामकरण एवं लोकार्पण 27 दिसंबर को किया जाएगा.**

अग्रहरि समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संरक्षक श्यामा चरण गुप्त ने मानिकपुर (बांदा) क्षेत्र से जन सेवा के माध्यम से आगे बढ़ते हुए प्रयागराज पहुंचकर वहां अपने व्यवसाय के साथ राजनीतिक जीवन को विस्तार दिया. प्रयागराज में वे महापौर के पद पर आसीन हुए और बाद में उन्हें प्रयागराज संसदीय क्षेत्र से सांसद के रूप में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला. कोरोना कल में उनका असामायिक निधन हो गया था.

## सांदीपनि विद्यालय गौरी में सृजन कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 26 दिसम्बर, मऊगंज जिले के हनुमाना तहसील अंतर्गत आर. आर. द्विवेदी सांदीपनि विद्यालय गौरी में 'सृजन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र मिश्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी हनुमना रहे. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उमेश कुमार तिवारी, संकुल प्राचार्य पहाड़ी सांदीपनि विद्यालय गौरी के संरक्षक सेवा निवृत्त प्राचार्य एस. एन. सिंह जी एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. संदीप कुमार पटेल की उपस्थिति रही. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शैक्षिक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया. बच्चों ने अपने मॉडलों के माध्यम से रचनात्मकता, नवाचार और विषयगत समझ का प्रभावी प्रदर्शन किया, जिसकी अतिथियों ने प्रशंसा की. मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बताया गया.

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 3 जनवरी तक

**नवभारत न्यूज**
**सतना 26 दिसम्बर. म.प्र. शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 3 जनवरी 2026 तक चलेगा।**

पशुपालकों के सामाजिक, आर्थिक उत्थान, तकनीकी जागरूकता तथा आय दो गुना करने के लिए नवाचार की श्रृंखला में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन पर प्रारंभ किया जा रहा है। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सतना डॉ. एपी सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रशिक्षित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री गौसेवक, पशुसखी, दुग्ध सहकारी समिति के कार्यकर्ता, 5 से 9 गाय एवं भैंस पालने वाले पशुपालकों से भेंटकर पशुओं को नस्ल सुधार (सेक्स सर्टिड सीमन) से कृत्रिम गर्भाधान, पशु पोषण तथा पशु स्वास्थ्य के बारे में तथा उन्नत तकनीक से पशुपालन हेतु जागरूक किया जायेगा।

## अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मिलने पहुंचे वैद्य सरयू प्रसाद से

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 26 दिसम्बर, विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ वरिष्ठ भाजपा नेता सरयू प्रसाद वैद्य को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म जयंती की शुभकामनाएं व बधाई दी.**



अधिवक्ता संघ हनुमना के अध्यक्ष पंडित राम रक्षा शुक्ला बड़े सवेरे पहुंचकर उन्हें जहां अटल जी के जन्म जयंती की बधाई दी. वहीं उनसे आशीर्वाद लेते हुए कहा कि वैद्य जी विंध्य प्रदेश में जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में एकमात्र हम सब के बीच आज भी मार्गदर्शन के रूप में उपस्थित है यह हम सबका ही नहीं समूचे विंध्य का सौभाग्य है कि वैद्य जी जैसी शख्सियत जिन्होंने पंडित अटल बिहारी वाजपेई लाल कृष्ण आडवाणी तथा डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी कुशाभाऊ ठाकरे जैसे लोगों के साथ कार्य करने का सौभाग्य भी प्राप्त किया है आज उनका आशीर्वाद प्राप्त कर हमें नई ऊर्जा प्राप्त हो रही है श्री शुक्ला ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वैद्य जी को भगवान स्वस्थ व दीर्घायु प्रदान करें जिससे हम सब का मार्गदर्शन दीर्घकाल तक होता रहे.



मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे गढ़ थाना

## सतना व मैहर जिले में नरवाई जलाने की 1146 घटनाएं आई सामने

**नवभारत न्यूज**
**सतना 26 दिसम्बर . पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों विशेषतः धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है।**

जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं मैहर रानी बाटड द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 2500 रूपये प्रति घटना, दो एकड़ से अधिक पांच एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 5000 रूपये प्रति घटना तथा पांच एकड़ से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 15000 रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति देय होगी। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने बताया कि सतना एवं मैहर जिले के समस्त अनुविभागों में 18 दिसम्बर 2025 तक 1146 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें रघुराजनगर में 96, कोठी में 46, रामपुर बघेलान में 261, कोटर में 108, मझगवां में 11, बिरसिंहपुर में 48, नागौद में 207 तथा उचेहरा में 155 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार मैहर जिले की तहसील अमरपाटन में 94, मैहर में 102 तथा रामनगर में 18 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 26 दिसम्बर, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने टिकरी 32 से नृपेंद्र सिंह, दिलीप तिवारी आदि कार्यकताओं के साथ पैदल मार्च करते हुए गढ़ तक मुख्यमंत्री के नाम थाना प्रभारी, गढ़ जिला रीवा के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा है.**

ज्ञापन पत्र में भाजपा सरकार की नाकामियों और प्रदेश की बदहाल व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है. ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी हालिया पदयात्रा के दौरान सामने आए कई मुद्दों को उजागर किया है. प्रदेश में गौ माता की स्थिति अत्यंत दयनीय है. किसानों को नुकसानः आवारा पशुओं के कारण किसानों को फसल का भारी नुकसान हो रहा है. अधूरा राष्ट्रीय राजमार्ग: राष्ट्रीय राजमार्ग पर अधूरा ओवरब्रिज और साइड रोड न होने से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं. महिला उत्पीड़न, भ्रष्टाचार और बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था गंभीर चिंता का विषय है.

प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी ने युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है. इन गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए, कांग्रेस पार्टी ने सरकार से निम्नलिखित मांगों को तुरंत पूरा करने की अपील की है. गौ माता की दुर्दशा को दूर करने के लिए विशेष योजना बनाई जाए. किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा मिले, आवारा पशुओं के लिए आश्रय स्थल बने और उनके रख-रखाव की विशेष योजना हो. राष्ट्रीय राजमार्ग पर अधूरे निर्माण कार्य (ओवरब्रिज और साइड रोड) को तुरंत पूरा किया जाए. महिला उत्पीड़न के मामलों में तुरंत सख्त कार्रवाई कर दोषियों को सजा दिलाई जाए. जल भराव, पानी निकासी आदि मांगो का उल्लेख ज्ञापन पत्र में किया गया है. सभी मांगो को जनहित में पूरा करने की मांग की गई है.

# भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4235 रुपए जारी

**नवभारत न्यूज**
**सतना 26 दिसम्बर. भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। गुरुवार 25 दिसंबर को 4235 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है।**

यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए, 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23 एवं 24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 नवंबर को 4277 रुपए, 26 नवंबर को 4265 रुपए, 27 नवंबर को 4252 रुपए, 28 नवंबर को 4260 रुपए, 29 नवंबर को 4240 रुपए और 30 नवंबर को 4237 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया था। इसी तरह 1 दिसंबर को 4239 रुपए, 2 दिसंबर को 4235 रुपए, 3 दिसंबर को 4240 रुपए, 4 दिसंबर को 4235 रुपए, 5 दिसंबर को 4230 रुपए, 6 दिसंबर को 4217 रुपए, 7 दिसंबर को 4222 रुपए, 8 दिसंबर को 4219 रुपए, 9 दिसंबर को 4217 रुपए और 10 दिसंबर को 4210 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। इसी प्रकार 11 दिसंबर को 4207 रुपए, 12 दिसंबर को 4202 रुपए, 13 दिसंबर को 4204 रुपए, 14 दिसंबर को 4208 रुपए, 15 दिसंबर को 4208 रुपए, 16 दिसंबर को 4209 रुपए, 17 दिसंबर को 4205 रुपए, 18 दिसंबर को 4195 रुपए, 19 दिसंबर को 4201 रुपए, 20 दिसंबर को 4191 रुपए, 21 दिसंबर को 4193 रुपए, 22 दिसंबर को 4194 रुपए, 23 दिसंबर को 4209 रुपए और 24 दिसंबर को 4213 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

## शीतलहर से बचाव के लिए आवश्यक एडवाइजरी जारी

**नवभारत न्यूज**
**सतना 26 दिसम्बर. आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी ने शीतलहर से बचाव के लिए समस्त चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा मैदानी कर्मियों एवं आम नागरिकों को शीतलहर के लक्षण, बचाव उपाय तथा क्या करें और क्या न करें के संबंध में जागरूक करने और आवश्यक तैयरियां रखने के निर्देश दिए गए हैं।**

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में माह दिसंबर एवं जनवरी के दौरान शीतलहर का प्रकोप प्रायः देखने को मिलता है। इस अवधि में कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 5दृ7 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे कम दर्ज किया जाता है, जिससे जन-मानस के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियाँ तथा विषम परिस्थितियों में मृत्यु की संभावना भी हो सकती है। शीतलहर के दौरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति, बेघर लोग, खुले स्थानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति एवं छोटे व्यवसायी अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। शीतलहर एक मौसम संबंधी घटना है जिसमें न्यूनतम तापमान में अचानक गिरावट आती है, ठंडी हवाएँ चलती हैं तथा पाला या बर्फ जमने जैसी स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।

शीतलहर के दौरान पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें तथा कई परतों में वस्त्र धारण करें। सिर, गर्दन, हाथ एवं पैरों को अच्छी तरह ढकें; टोपी, मफलर एवं मोज़े का प्रयोग करें।



## अटल भव्य कवि सम्मेलन के मंच पर एक साथ 40 कवियों ने किया काव्य पाठ

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 26 दिसम्बर, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राष्ट्रकवि पंडित अटल बिहारी वाजपेई, पंडित मदनमोहन मालवीय के जयंती पर साहित्य शिक्षा कला मंच जिला मऊगंज मध्य प्रदेश की ओर से अटल भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया.**

दो सत्रों में चली काव्य पाठ सरिता में 40 कवियों साहित्य की त्रिवेणी बहाते हुए काव्य पाठ का इतिहास रचते हुए कीर्तिमान स्थापित कर दिया. इस अवसर पर कवियों, समाजसेवियों, पत्रकारों और सैनिकों को सम्मान पत्र, श्रीफल, साल देकर विशेष सम्मान किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय साहित्य परिषद संभाग रीवा के महामंत्री चंद्रकांत तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला अध्यक्ष रीवा शिवानंद त्रिपाठी रहे अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डा. एस.एस. तिवारी ने किया. कार्यक्रम में प्रमुख कवियों के रूप में वरिष्ठ गीतकार हरि नारायण सिंह हरीश देवतालाब ने अपने काव्य पाठ मे लोगो को मंत्रमुग्ध करते हुए कहा कि घिस घिसकर महके जो जग में चंदन होता है. कोई पीतल कहे पर कंचन कंचन होता है' के माध्यम से शानदार प्रस्तुति के लिए उन्हें राष्ट्र कवि गोपाल शरण सिंह सम्मान 2025 ' * से सम्मानित किया गया, वरिष्ठ गीतकार राम गोपाल शुक्ला रायगढ़,तथा वरिष्ठ गजलकार सत्येंद्र सिंह सेंगर रीवा, शिवानंद त्रिपाठी रीवा, चंद्रकांत तिवारी रीवा कैप्टन केसरी प्रसाद मिश्र जिला अध्यक्ष मऊगंज अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा संगठन परिषद, रमेश पांडे 'कथा वाचक' मऊगंज, के साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिले के वरिष्ठ पत्रकार तथा पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता सम्पत दास गुप्त हनुमना, सुखवंत मिश्रा मऊगंज, विजय जायसवाल नईगढ़ी को सम्मान पत्र साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया. शिक्षाविद् समाजसेवी डॉ एस.एस.तिवारी को मऊगंज ' *महामना पंडित रामधनी मिश्र सम्मान* के विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन अवध बिहारी पांडे तथा कार्यक्रम आयोजन समिति साहित्य शिक्षा कला मंच मऊगंज के संस्थापक प्रमोद कुमार मिश्र * 'मोदक ' *को भी साल ओढ़ाकर श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया. डा. एस.एस तिवारी ने कहा कि साहित्य शिक्षा कला मंच के माध्यम से आज पंडित अटल बिहारी वाजपेई तथा पंडित मदन मोहन मालवीय के जन्म जयंती पर जो साहित्य की त्रिवेणी बहाईग गई है यह धारा आबाद गति से बहती रहे इस क्षेत्र के साहित्यकारों का योगदान समूचे राष्ट्र को मिले यही कामना इस संस्था से है उन्होंने संस्था के संस्थापक प्रमोद मिश्रा मोदक के भगीरथ प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों की जितनी भूरि-भूर प्रशंसा की.